हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 1 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

11 दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने विधायक...

12 सड़क, बिजली व स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को...




# जिले के लीड कॉलेज में एमएससी नहीं, छात्रों के सपने अधूरे और भविष्य अधर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शासकीय वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गरियाबंद जिसे जिले का लीड कॉलेज होने का दर्जा प्राप्त है। वर्षों से एमएससी कोर्स की शुरुआत न होने के कारण स्थानीय छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हर साल आदिवासी बहुल इस क्षेत्र के लगभग 200 छात्र, उच्च स्तरीय शिक्षा के अभाव में, अपनी पढ़ाई को बीच में ही छोड़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

जिला मुख्यालय के लीड कॉलेज, शासकीय वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद में वर्षों से एमएससी कोर्स शुरू न होने के कारण स्थानीय छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। खासकर आदिवासी बहुल क्षेत्र के छात्रों के लिए यह एक गंभीर समस्या बन गई है, क्योंकि एमएससी जैसे स्नातकोत्तर कोर्स न होने से उनका शैक्षणिक और व्यावसायिक भविष्य अधर में लटका हुआ है।

यहां के छात्रों और स्थानीय समाज द्वारा एमएससी कोर्स की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक शासन से इसे लेकर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया है। गरियाबंद जिले का यह कॉलेज लीड कॉलेज के रूप में स्थापित होने के बावजूद विज्ञान संकाय में स्नातकोत्तर स्तर पर एमएससी कोर्स का अभाव है, जो क्षेत्र के शैक्षिक विकास ▶▶|शेष पेज 11 पर

## उच्च शिक्षा के अभाव में अपनी पढ़ाई को बीच में ही छोड़ने को छात्र मजबूर

### छुरा में एमए की सुविधा

एमएससी की कमी से न केवल छात्रों का शैक्षणिक विकास रुक रहा है, बल्कि इससे शोध कार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में लेक्चरर या प्रोफेसर बनने के अवसर भी सीमित हो रहे हैं। इसके अलावा, कला संकाय में भी अंग्रेजी और इतिहास विषय में एमए की आवश्यकता महसूस की जा रही है, लेकिन यहां भी इन विषयों में स्नातकोत्तर कोर्स की सुविधा उपलब्ध नहीं है। छुरा में एमए की सुविधा है, लेकिन छात्रों को परीक्षा देने के लिए गरियाबंद आना पड़ता है। इतिहास में एमए की सुविधा पास के धमतरी जिले के कुरूद और अभनपुर में उपलब्ध है।




### जल्द निकालें समस्या का समाधान

कॉलेज के वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक सीएल तारक ने कहा कि एमएससी कोर्स न होने के कारण यहां के बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शासन से कई बार मांग उठाई जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। यह स्थिति छात्रों के शैक्षणिक भविष्य के साथ खिलवाड़ के समान है, और इसे सुधारने की आवश्यकता है। शासन से अपेक्षा है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान निकाला जाए, ताकि गरियाबंद और आसपास के बच्चों को अपने भविष्य की ओर मजबूती से कदम बढ़ाने का अवसर मिल सके।

## खबर संक्षेप



### भेण्डरी में नवरात्रि की तैयारी पूरी

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी में नवरात्रि की तैयारी बाजार चौक सहित विभिन्न मंदिरो में चल रही है। 3 अक्टूबर को ज्योति कलश प्रज्जवलित की जाएगी। 7 को पंचमी व 11 अक्टूबर को महाष्टमी का हवन होगा। चुनूराम साहू ने बताया कि शीतला माता मंदिर में सभी तैयारी पूरी हो गई है।

### सदस्यता अभियान में आज विधायक साहू होंगे शामिल

**गरियाबंद।** भाजपा मंडल गरियाबंद अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके ने बताया कि मंगलवार को राजिम विधायक रोहित साहू गरियाबंद मंडल अंतर्गत विभिन्न बुथ केंद्रों में आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे सुबह 11 बजे राजिम से निकलेंगे। सबसे पहले 12 बजे ग्राम बहेराबुड़ा में सदस्यता अभियान के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे ग्राम घुटकुनवापारा, 2 बजे ग्राम भेजराडीह, 3 बजे ग्राम कस, 4 बजे ग्राम सोहागपुर, 5 बजे ग्राम गजईपुरी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंडल अध्यक्ष सोनटेके ने बताया की इस दौरान उनके साथ भाजपा के सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे।



### विश्व वृद्ध दिवस आज

**मैनपुर।** किसी शायर ने खुब कहा है कि पेड़ बुढ़ा ही सही आंगन में रहने दो फल न सही छाव तो देगा ही आज 01 अक्टूबर को विश्व वृद्धा दिवस मनाया जायेगा। मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में कई ऐसे वृद्ध इधर उधर घुमते दिखाई नजर आते है जिसका कोई सहारा नहीं है। कहां के रहने वाले हैं और इनका बसेरा कहां है। इस ओर कोई ठोस कार्ययोजना बनाकर वृद्धों को सम्मान देने की आवश्यकता है।



### गांधी जयंती पर नही मिलेगी शराब

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने गांधी जयंती पर जिले की समस्त देशी, विदेशी, कंपोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल-3 सपना बार एंड रेस्टोरेंट महासमुंद, देशी मदिरा भंडारण भांडागार महासमुंद तथा देशी, विदेशी, कंपोजिट आहातों को बंद रखने आदेशित किया है।

### अवैध महुआ शराब के साथ पकड़े गए दो लोग

**महासमुंद।** बसना थाना पुलिस ने अवैध महुआ शराब के साथ दो लोगों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया है कि ग्राम गढफुलझर से छोटेपटनी जाने का रास्ता रोड किनारे पर से आरोपी कार्तिक राम सतनामी पिता गिरधारी सतनामी (19 साल) निवासी जटेसीरा थाना जगदलपुर, जिला बरगढ (ओडिशा) के कब्जे से 2 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 400 रुपए के साथ एवं आरोपी राम कुमार भोई पिता बेलाल भोई (32 साल) निवासी खवासपाली को ग्राम कर्राभौना धनापाली मेंन रोड के पास से 2 लीटर अवैध देशी महुआ शराब कीमत 400 रुपए जब्त किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों विरूद्ध अपराध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## अपराध : धान खरीदी में 30 लाख के कर्ज को चुकाने की चोरी

# बैंक और एटीएम में चोरी की साजिश रची हुई विफल, अपचारी सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद /पाण्डुका

जिल के अलग-अलग थाना क्षेत्रांतर्गत बैंक एवं एटीएम में चोरी करने वालों की शिकायत लगातार मिल रही थी। चोर बैंक व एटीएम को निशाना बना रहे थे। पुलिस ने एक अपचारी बालक सहित तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं मुख्य आरोपी ने धान के उधारी का कर्जा चुकाने एटीएम और बैंक चोरी की साजिश रची थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और टॉवर डंप लोकेशन के आधार पर तीनों आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पतासाजी दौरान संदेही आरोपी अरूण कुमार ध्रुव उम्र 28 वर्ष ग्राम छिन्दोला से पुछताछ में बताया कि धान खरीदी का काम करता हूं। धान खरीदी बिक्री में करीबन 25-30 लाख रूपये की कर्ज हो गया हैं, कर्ज को चुकाने के लिए किसी तरह का धन प्राप्त करना चाहता था, पाण्डुका रोड से आना - जाना करता था, तो पाण्डुका के ग्रामीण बैंक में रात्रि में लोगों का आना -जाना कम होने से बैंक से चोरी करने की योजना आरोपी के मन में आया। अपने साथी गांव के ही टकेश्वर यादव और अपने ▶▶|शेष पेज 11 पर



### सीसीटीव्ही कैमरे को उखाड़कर ले गए साथ

एटीएम मशीन के पास लगे सीसीटीव्ही कैमरा को उखाडकर अपने पास ले आया। जिसे अपने पास घर में रखे है। दिनांक 26 सितंबर को ग्रामीण बैंक पाण्डुका में चोरी करने की नियत से रात्रि में योजना के मुताबिक गैस कटर, गैस सिलेण्डर और ऑक्सिजन सिलेण्डर को पोंड तक छोडने के लिए गांव के महेश साहू के चारपहिया वाहन ईको को किराये में लिए उसे घटना के संबंध में नहीं बताया था और रात्रि करीब 8:30 बजे उनके वाहन में सिलेण्डरों को रखकर मैं और टकेश्वर यादव, महेश साहू वाहन मालिक के साथ वाहन में भरकर ग्राम पोंड बस स्टैण्ड आए। रात्रि करीब 10:30 बजे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एफ 0987 में बैठकर छिन्दौला से पाण्डुका आए। पाण्डुका में बस स्टैण्ड एवं ग्रामीण बैंक को लोगों के आने जाने के संबंध में रात्रि करीब 01:00 बजे तक रेकी किए।

### रकम नहीं मिली तो डीव्हीआर व मॉनिटर को ले गए

ग्रामीण बैंक के शटर, चैनल गेट में लगे ताले को सिलेण्डर एवं गैस कटर की मदद से काटे फिर बैंक के अंदर चले गए, वहां एक आलमारी रूपये होगा सोचकर चोरी करने की नियत से गैस कटर से काटने का प्रयास किया लेकिन गैस कटर से नहीं कटा तब हम लोग दूसरे कमरे का ताला काटकर अंदर गए वहां पर लॉकर मिला लॉकर बहुत मोटा था जिसे देखकर ऐसा लगा की इसे हम नहीं काट पायेंगे, आसपास के दराज में रकम ढूंढे कहीं रकम नहीं मिला तब मैं बैंक से सीसीटीव्ही का डीव्हीआर, मॉनिटर को निकालकर चोरी कर अपने साथ लेकर बैंक से बाहर आया।



### चुराई थी कटर मशीन

ताला काटने एवं लॉकर काटने के लिए ऑक्सीजन सेलेण्डर, गैस सेलेण्डर की जरूरत होती हैं, इसलिए कुछ दिनों पहले हम तीनों मिलकर रात्रि में कोमल ट्रेक्टर ट्राली दुकान गरियाबंद से ऑक्सिजन सिलेण्डर और कटर मशीन को चोरी किए और उसे मैं अपने घर में रखा रहा। दिनांक 25 सितंबर के रात्रि में अरूण और अपचारी बालक दोनों मिलकर घर से टंगिया लेकर गरियाबंद के केनरा बैंक के एटीएम में चोरी करने के लिए गए, वहां एटीएम मशीन को तोड़ने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे।

# न्याय यात्रा में तीसरे दिन भी डटे रहे ब्लॉक अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर कांग्रेस पार्टी ने भाजपा को घेरते हुए बड़ा आंदोलन शुरू कर दिया है। जिसे छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का नाम दिया गया है।

यह न्याय यात्रा बाबा गुरु घासीदास जी की तपोभूमि गिरौधपुरी धाम से शुक्रवार को शुरू हुई और 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन राजधानी रायपुर में समाप्त होगी। कांग्रेस की इस छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में शामिल होने गरियाबंद जिला के राजिम विधानसभा क्षेत्र से फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू के नेतृत्व में 50 से अधिक कार्यकर्ता गिरौधपुरी पहुंचे न्याय यात्रा में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई स्थाई यात्री के तौर पर लगातार यात्र में चल रहे हैं दूसरे दिन शनिवार को 27 किलोमीटर की यात्रा में ऊर्जा से भरपूर कार्यकर्ता चल रहे हैं। तीसरा दिन यात्र 77 किलोमीटर रोहांसी से शुरू ओड़ान, लटेरा, खरतोरा में रात्रि विश्राम इस न्याय यात्रा में जिले से फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश साहू, पूर्व जनपद सभापति रामकृष्ण तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरिशंकर श्रीवास्तव, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. दिलीप साहू, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी, ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी टिकेश साहू, पूर्व जनपद सभापति खिलेश साहू, मजदूर कांग्रेस जिला अध्यक्ष होरीलाल वर्मा, तेजेश यदु, खेमू साहू, राजऋषि टंडन, वीरेंद्र साहू, जगमोहन यादव, प्रीतम धृतलहरे, मनोज सोनवानी, कुलेश्वर धनकर, नेतराम सिन्हा, आसाराम तोंडे, शेषनारायण गुप्ता, गुंजू यादव, इच्छा निर्मलकर, उत्तम सोनवानी, देवेंद्र साहू कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हैं।

# उदंती क्षेत्र में अतिक्रमण कर खेती का प्रयास, 15 को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती अभ्यारण क्षेत्र के वनभूमि में अवैध अतिक्रमण कर खेती करने का प्रयास करने वाले लोगों पर वनविभाग ने बड़ी कार्यवाही की है। वनविभाग ने बताया की वन परिक्षेत्र उत्तर उंदती के कोर क्षेत्र के कथा क्रमांक 02 में ग्राम बरगांव के 15 महिला व पुरुष के द्वारा 13.054 हेक्टेयर वनभूमि में कटाई कर अतिक्रमण कर खेती करने का प्रयास किया गया। रिकी जोशी गेमगार्ड के द्वारा प्रारंभिक वन अपराध को संज्ञान में लेते हुए उनके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों के द्वारा 13.054 हेक्टेयर वनभूमि में अतिक्रमण कर उक्त कृत्य से शासन को 7.50 करोड़ रुपये की थाति हुई है। आरोपियों को धारा 27,29,31, 51 एवं 52 के तहत गिरफ्तार कर कार्ट में प्रस्तुत किया गया। 12 पुरुष आरोपियों को जिला जेल गरियाबंद एवं 03 महिला आरोपियों को केन्द्रीय महिला कारागृह रायपुर में जेल दाखिला कराया गया। इस कार्यवाही में गोपाल कश्यप सहायक संचालक उदंती (मैनपुर) देवनारायण सोनी वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उदंती (मैनपुर), दानवीर चिण्डा, गंगाराम ठाकुर पुनाराम साहू, भूपेन्द भेडिया, योगेश दीवान, रोहित निषाद, श्रीमति रिंकी जोशी, मनीराम यादव एवं सुरक्षा श्रमिक अर्जुन, श्यामलाल, का विशेष योगदान रहा।



## एनीकट छलक रहा है...



राजिम। क्वांर के इस महीने में राजिम संगम का दृश्य काफी विहंगम नजर आ रहा है। तीन नदियों के संगम क्षेत्र में एनीकट के ऊपर से पानी का बहाव हर किसी को सुकुन प्रदान करने वाला है। पर्यटक और सैलानी नदी तट पर पहुंचकर इसका आनंद ले रहे हैं।

### नयापारा इलाके के नलों में नहीं आ रहा पानी

**महासमुंद।** नयापारा क्षेत्र के वार्ड नं 7 व 8 के नलों में पिछले 15 दिनों से पानी नहीं आ रहा है। वार्ड नं. 8 के मनीष कुमार दुबे ने बताया कि बारिश के मौसम में भी लोगों को गर्मियों की तरह पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

# पीएम आवास से छूटे परिवार होंगे लाभान्वित

**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले के ऐसे परिवार जो पात्रता रखते है, लेकिन उक्त परिवारों के नाम स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची में शामिल नहीं है उन परिवारों की जानकारी ग्राम पंचायत स्तर पर संकलित कर रखा जाना है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव ने बताया कि छुटे हुए पात्र परिवारों को आवास का लाभ प्रदाय किये जाने के लिए आवास प्लस की सूची, जो वर्ष 2018 में तैयार की गई थी उसी सूची को नये मापदण्ड अनुसार संशोधित कर नये मापदण्ड के आधार पर शासन से निर्देश प्राप्त होने के पश्चात सर्वे के माध्यम से आवास प्लस सूची में शामिल किया जावेगा। सर्वे कार्य हेतु प्रगणक के रूप में ग्राम पंचायत सचिवों का आवास सॉफ्ट पोर्टल पर पंजीयन किया जा रहा है।

## सीनापाली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

# शिविर के 520 आवेदनों में अधिकांश का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

देवभोग विकासखंड के ग्राम सीनापाली में सोमवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों जैसे राजस्व, पंचायत, कृषि, वन, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, विद्युत और अन्य विभागों द्वारा आम जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में ग्रामीणों से कुल 520 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया गया।

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने शिविर में भाग लिया और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने हितग्राहियों को योजनाओं के तहत सामग्री वितरित की और लाभान्वित किया। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं ▶▶|शेष पेज 11 पर





### प्राप्त आवेदनों का शीघ्र समाधान करें

इस अवसर पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर का उद्देश्य एक ही स्थान पर लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आवेदनों का शीघ्र और प्रभावी समाधान करें। इसके अलावा, कलेक्टर ने स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और उन्हें अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने की अपील की। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ने कहा कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करना है, ताकि उन्हें जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता न पड़े।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

# सीमेंट कंपनियों ने नहीं मानी बात, नान ट्रेड सीमेंट के दाम नहीं लिए पूरी तरह वापस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने प्रदेश सरकार के कहने के बाद भी नान ट्रेड सीमेंट की कीमत को अब तक पूरी तरह से वापस नहीं लिया है। उद्योग मंत्री लखन देवांगन के साथ बैठक के बाद कंपनियों ने दूसरे दिन दाम 15 रुपए ही घटाए। इसके बाद बची 20 रुपए ज्यादा कीमत को अब तक कम नहीं किया गया है।

कंपनियां कीमत कम नहीं करना चाहतीं, क्योंकि कंपनियों ने डीलरों से कहा है कि प्रतिस्पर्धा के कारण रेट 210 रुपए कर दिया गया था। अब वापस इतना रेट घटाना संभव नहीं है। इसी के साथ खुले बाजार के सीमेंट की कीमत एक बार फिर से 1 अक्टूबर से बढ़ाने की तैयारी है। इसकी कीमत भले 50 रुपए कम कर दी गई है, लेकिन बिलिंग में कीमत कम नहीं की गई। डीलरों को स्कीम के माध्यम से कीमत करके दी जा रही है, लेकिन अब स्कीमों को अक्टूबर माह से एक के बाद एक बंद करने की तैयारी है। प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन देवांगन का कहना है, कंपनियों से बात की जाएगी, पूरी कीमत कम क्यों नहीं की गई है।

प्रदेश की सीमेंट कंपनियां हमेशा से बेलगाम रही हैं। कभी भी कीमत बढ़ा दी जाती है। अक्सर मानसून के समय डिमांड न होने के बाद भी कीमत में इजाफा किया जाता है। इस बार भी 3 सितंबर को कीमत 50 रुपए बढ़ाई गई थी। इसके बाद हरिभूमि में लगातार खबरों के प्रकाशन और चौतरफा दबाव के चलते खुले बाजार के सीमेंट में 45 रुपए और नान ट्रेड में 15 रुपए कीमत कम की गई। इसके बाद 10 दिन पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने सीमेंट कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें पुरानी कीमत लागू करने के निर्देश दिए तथा उनको बताया गया कि प्रदेश सरकार किसी भी हाल में मनमर्जी बर्दाश्त नहीं करेगी। अब भविष्य में कीमत बढ़ाने से पहले सरकार को इसके कारण के साथ जानकारी देकर मंजूरी लेनी होगी।

हरिभूमि फॉलोअप

## उद्योग मंत्री लखन देवांगन ने कहा- कंपनियों से करेंगे बात

### नहीं की पूरी कीमत कम

सीमेंट कंपनियों ने प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद भी सीमेंट के दाम जितने बढ़ाए थे, उतने कम नहीं किए हैं। नान ट्रेड में बैठक के दूसरे दिन कीमत 15 रुपए और कम करके कीमत को 230 रुपए कर दिया गया। सरकारी काम करने वाले ठेकेदारों को नान ट्रेड सीमेंट का काम करने वाले डीलर बता रहे हैं कि सीमेंट कंपनियों का कहना है कि हमने प्रतिस्पर्धा के चलते दाम 210 रुपए कर दिए थे, लेकिन अब वापस इतने दाम करना संभव नहीं है। अब कीमत 230 रुपए ही रहेगी।



### कंपनियों से पूछेंगे- पूरी कीमत कम क्यों नहीं की

कंपनियों से साथ बैठक में बढ़ाई गई पूरी कीमत कम करने की बात हुई है। कंपनियों ने अगर पूरी कीमत कम नहीं की है तो उनसे पूछा जाएगा कि पूरी कीमत कम क्यों नहीं की गई है।

- लखन लाल देवांगन
उद्योग मंत्री, छत्तीसगढ़

## खबर संक्षेप



### नरैया तालाब गार्डन की सफाई, किया श्रमदान

रायपुर। नगर निगम जोन 6 और बंच ऑफ फूल्स, यंग इंडिया के स्वयंसेवकों ने मिलकर नरैया तालाब गार्डन की सफाई करने अभियान चलाया। इस दौरान गार्डन की सफाई कर कचरा उठाकर स्वच्छता कायम की। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इस कार्यक्रम में जोन-6 अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र चंद्राकर सहित जोन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सामूहिक श्राद्ध 2 को

रायपुर। सर्व पितृमोक्ष अमावस्या के मौके पर राजधानी के वीआईपी रोड स्थित साधक आश्रम में 2 अक्टूबर को सामूहिक श्राद्ध का आयोजन किया गया है। इसमें ऐसे लोग भी शामिल हो सकेंगे, जिन्हें अपने पितरों की तिथि याद नहीं है और वे पितृ तर्पण करना चाहते हैं। सामूहिक श्राद्ध के कार्यक्रम का समय सुबह 9.30 बजे से रखा गया है, जिसमें सामूहिक श्राद्ध, पितृ तर्पण किया जाएगा।

### गुपचुप दुकान में गंदगी, 7 हजार जुर्माना

रायपुर। नगर निगम जोन-3 अमले ने शंकरनगर वार्ड क्षेत्र के साईं गुपचुप दुकान की सफाई व्यवस्था निरीक्षण किया। इस दौरान जनशिकायत सही पाए जाने पर दुकान संचालक पर 7 हजार रुपए जुर्माना किया। दुकान में गंदगी की शिकायत मिलने पर जोन कमिश्नर जसदेव बांबरा और नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन कुमार तांडी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की टीम ने यह कार्यवाही की।

### वृद्धाश्रम कोटा में बुजुर्गों को बांटे कपड़े



रायपुर। पितृपक्ष के अवसर पर बढ़ते कदम के वृद्धाश्रम कोटा में वृद्धजन एवं माता-पिता, जो आश्रम में निवास करते हैं, उनके लिए वस्त्रों का वितरण किया गया। साथ ही अनुज सोनी द्वारा फल बांटे गए। सभी ने वृद्धजनों से आशीर्वचन लिया और उनसे मुलाकात कर हालचाल जाना। यह कार्यक्रम स्व. जगरखन सिंह राजपूत के पितृ श्राद्ध के अवसर पर उनके पुत्र नरेश सिंह राजपूत द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में रायपुर पश्चिम के मंडल अध्यक्ष प्रीतम ठाकुर, समाज के प्रमुख रामावतार सिंह, सुरेश सिंह क्षत्रिय, संतोष सिंह राजपूत, दिलीप सिंह, अवधेश सिंह, छन्नी राजपूत, उषा साहू एवं समाज के सभी लोग उपस्थित थे।

**प्रतीक्षालय में न लाइट, न पंखा, बिना दरवाजे का टायलेट, वॉश बेसिन टूटा-फूटा**

## पंडाल में ही गुजर रहा दिन, बिछौना भी वहीं, राशन-पानी और चूल्हा लेकर आए प्रदर्शनकारी

# शहर से दूर ऐसा धरनास्थल, जहां न पानी की सुविधा न शौचालय, हक की आवाज बुलंद करने वाले परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपने हक की आवाज बुलंद करना कोई गुनाह नहीं है, पर शासन-प्रशासन और नगर निगम इस बात से इत्तेफाक नहीं रखता। तभी तो शहर से 17 किलोमीटर दूर नवा रायपुर के तूता गांव में ऐसी जगह पर धरनास्थल बनाया गया है, जहां प्यास लगे तो पीने को साफ पानी नहीं, टायलेट जाना हो तो ढंग का शौचालय नहीं।

विश्राम के लिए प्रतीक्षालय तो है, पर वहां न लाइट है न पंखा। बिना दरवाजे का टायलेट और बिना नल का वॉश बेसिन, यह अजब नजारा तूता के धरनास्थल पर नजर आता है। हरिभूमि ने भुक्तभोगियों से बातचीत की तो उनकी पीड़ा इस तरह छलक उठी।

हरिभूमि सरोकार

### सांप-बिच्छू के बीच धरना : गीता

पति की असमय मौत के बाद रोजी-रोटी की चिंता से जूझ रही दिवंगत पंचायत शिक्षक की बेवा गीता जुर्री ने बताया कि 18 दिनों से गांव कसवाही कांकेर से तूता आकर धरने पर बैठी हैं। 2017 में पति की अचानक मौत हो गई, वे गांव में पंचायत शिक्षक थे। छोटा बच्चा स्कूल में पढ़ रहा है। परिवार का गुजर-बसर मुश्किल हो गया है, इसलिए अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर यहां धरना पर बैठी हैं। धरनास्थल पर सांप-बिच्छू के बीच रात गुजारने में डर लगता है, पर जिसका सहारा छिन गया हो, वे क्या करें?



### 8 साल से अनुंकपा के लिए भटक रही : हेतरानी



गांव पिसदा बालोद की हेतरानी पिसदा के पति कवर्धा में पंचायत शिक्षक थे। साल 2016 में नौकरी में रहते हुए दिवंगत हो गए। अनुकंपा नियुक्ति के लिए वे पिछले 8 साल से भटक रही हैं। 19 दिन हो गए पंडाल में रहते, यही सबके लिए खाना बनता है। रात को यहीं पर सो जाते हैं। हेतरानी ने बताया कि यहां उनकी ही तरह कांकेर, राजनांदगांव, बालोद जिले से महिलाएं और उनके परिजन आए हुए हैं, जो रात को धरनास्थल पर ही रहते हैं। पेट भरने घर से राशन-पानी लेकर आए हैं। पंडाल में गैस चूल्हे पर खाना बनता है।

### यहां का टायलेट टूटा-फूटा है, नहाने की जगह नहीं, इसलिए तालाब जाते हैं

गांव कुसमकसा बालोद की रेखा नायक ने बताया कि उनकी साथी महिलाएं रोज सुबह होने से पहले ही उठ जाती हैं, क्योंकि धरनास्थल का टायलेट बेहद गंदा और टूटा-फूटा है। टायलेट के एंट्री पाइंट में दरवाजा ही नहीं है, इसलिए वे गांव के पास के तालाब जाती हैं। यहां प्रसाधन की सुविधा रहती तो ऐसी नौबत नहीं आती। शर्म की बात है कि प्रदेश की राजधानी का धरनास्थल मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।



## डीएड बीएड प्रशिक्षितों ने ये कहा

### रोज आना-जाना



धमतरी की सुनंदिनी साहू का कहना है, रोज आना-जाना करती हूं, क्योंकि यहां पर रुकने के लिए व्यवस्था नहीं है। शाम ढलने के बाद यहां रहने में डर लगता है। वेटिंग रूम बना है, पर वहां दरवाजा तक नहीं है।

### बाहर वाले आखिर क्या करें ?



दुर्ग की शिखा चौहान का कहना है, स्थानीय लोग तो प्रदर्शन के लिए यहां आ सकते हैं, पर जो शहर से बाहर रहते हैं, उनके लिए इतनी दूर धरनास्थल पर आना बहुत मुश्किल होता है, आखिर क्या सोचकर यहां पर धरनास्थल बनाया?

### बहुत दिक्कत है यहां



बिलासपुर से आई मधु यादव ने बताया कि वे रोज बिलासपुर से धरनास्थल आना-जाना करती हैं, क्योंकि यहां वॉशरूम बहुत गंदा है, कभी सफाई ही नहीं होती, धरनास्थल वाली जगह असुरक्षित है। तकलीफ ज्यादा है, पर अपने हक के लिए यहां आती हैं।

# चलाया सफाई अभियान, स्वच्छता के प्रति सजग रहने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उत्तर विधानसभा अंतर्गत गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' के तहत नगर निगम द्वारा आयोजित श्रमदान कार्यक्रम केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के उपस्थिति में हुआ।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री श्री साहू और उपमुख्यमंत्री श्री साव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर से प्रारंभ हुआ है, जिसमें सरकार ने तय किया है कि हम सभी मिलकर शहर, अपने गांव, गली-मोहल्लों को स्वच्छ बनाएंगे, जिससे एक शुद्ध और साफ वातावरण का निर्माण हो। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी देश व समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि स्वच्छता के क्षेत्र में देश को नंबर वन बनाना है, इस दिशा में हम सबको कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी को स्वच्छता के प्रति सजग रहने, समय देने तथा श्रमदान कर स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने स्वच्छता ही सेवा के लिए शपथ दिलाई।

- केंद्रीय राज्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विधायक ने भी हाथों में झाड़ू लेकर की साफ-सफाई



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जोन 3 के अध्यक्ष प्रमोद साहू, भाजपा प्रवक्ता नलिनीश ठोकने, भाजपा प्रवक्ता उमेश घोरमोड़े, मंडल अध्यक्ष अनूप केलकर, गोरेलाल नायक, सुनील कुकरेजा, संतोष साहू, पार्षद रोहित साहू, पार्षद सुमन राम प्रजापति, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा संतोष साहू, भाजयुमो जिला महामंत्री अर्पित सूर्यवंशी, महामंत्री सुधीर चौबे, हरीश सिंह, गुणनिधि मिश्रा, राधेश्याम बाघ, अनीता महानंद, मीना सेन, विकास गुप्ता, भरत कुंडे, गोकुल थानापति, जितेंद्र साहू सहित भाजपा एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### स्वच्छता के प्रति जागरूक हों

विधायक श्री मिश्रा ने कहा कि इस स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ और विकसित समाज की ओर बढ़ने का मार्ग भी प्रशस्त करता है। इसी तरह केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी हाथों में झाड़ू लेकर साफ-सफाई की।

## गोमाता को सड़क दुर्घटना से बचाने पहनाई रेडियम की माला



रायपुर। गोमाता को सड़क एक्सीडेंट से बचने के लिए दीनदयाल मित्र मंडल द्वारा सरोना से डीडीनगर तक रविवार को 50 गोमाता को रेडियम की माला पहनाया गई। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि शहर के रिंगरोड पर हमेशा अंधेरा होने के कारण गोमाता के एक्सीडेंट की घटनाएं होती रहती हैं। 112 या अन्य नागरिकों से सूचना मिलती थी, जिसे बचने के लिए रेडियम की माला पहनाई है। इस गोसेवा कार्य को देखते हुए भागवताचार्य पं. अनिकेत कृष्णा शास्त्री ब्रिज बिहारी महाराज ने भी साथ मिलकर गोमाता को रेडियम की माला पहनाई। इस कार्य में संस्था प्रमुख अमित पांडे, रुस्तम पाटिल, संदीप शर्मा, करण सूना, प्रमोद, अजय रजक एवं कुशल सेन उपस्थित थे।

# शहर में पहली बार दिखाए जाएंगे सेना के हथियार और उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में इंडियन आर्मी के टैंक और हेलीकॉप्टर से कमांडोज जंप लगाते हुए दिखाई देंगे। युद्ध क्षेत्र में सेना कैसे अपना ऑपरेशन करती है, इसका डेमो दिया जाएगा।

सेना के आधुनिक हथियार की जानकारी दी जाएगी। इसका आयोजन जिला प्रशासन और इंडियन आर्मी के सहयोग से 5-6 अक्टूबर को साइंस कॉलेज मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने भारतीय सेना के जवानों की टीम रविवार की सुबह रायपुर पहुंची। इस दौरान कलेक्टर तथा जिला प्रशासन ने भव्य स्वागत किया। सशस्त्र सैन्य समारोह में भारतीय सेना के बारे में युवाओं को आम नागरिकों को जानने का मौका मिलेगा।

## जवानों का रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत



### सेना के हथियार और उपकरण दिखाए जाएंगे

यह छत्तीसगढ़ में होने वाला अनोखा आयोजन है। इसमें आम जनता को सेना के बारे में करीब से जानने का मौका मिलेगा। स्कूल और कॉलेज के स्टूडेंट्स को इसे दिखाने की व्यवस्था की जाए। कार्यक्रम स्थल पर भारतीय सेना के हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन होगा। इनमें की टैंक्स, इन्फेंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स, आर्टिलरी गन्स और एयर डिफेन्स गन्स दिखाई जाएंगी। कार्यक्रम के दूसरे और अंतिम दिन 5 अक्टूबर की शाम सेना के बैंड द्वारा दीनदयाल उपाध्याय सभागार में एक भव्य म्यूजिकल शो का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें जबलपुर और वाराणसी से आए मिलिट्री बैंड्स शामिल होंगे।

- 5 व 06 अक्टूबर को साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित होगा सशस्त्र सैन्य समारोह

# नवरात्रि पर डोंगरगढ़ में 10 एक्सप्रेस का स्टॉपेज, तीन रद्द मेमू बहाल, यात्रियों के लिए अतिरिक्त कोच भी

- नवरात्रि पर्व को लेकर रेलवे ने डोंगरगढ़ स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का बढ़ाया स्टॉपेज
- 10 दिनों तक दुर्ग-गोंदिया ट्रेन रायपुर तक चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवरात्रि पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जाते हैं। ट्रेन में सफर के दौरान भक्तों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए रेलवे प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इस बार रायपुर से डोंगरगढ़ तक जाने हर दो घंटे में यात्रियों को ट्रेन मिलेगी। लौटने के लिए रात में 3 बजे तक ट्रेन उपलब्ध रहेगी। श्रद्धालुओं के लिए 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज डोंगरगढ़ में दिया गया है।

रद्द तीन मेमू ट्रेनों को री-स्टोर किया गया है, वहीं चार ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज की सुविधा से नागपुर, गोंदिया और बिलासपुर समेत दूसरे राज्य के यात्रियों को भी इसका लाभ मिलेगा। डोंगरगढ़ में 3 से 12 अक्टूबर तक अस्थायी ठहराव रहेगा।

खास खबर

## डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में ट्रेनों का ठहराव

- 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस
- 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस
- 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12851 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस
- 12852 चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12849 बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस
- 12850 पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस
- 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस



*इस वर्ष 519 स्पेशल ट्रेनों का संचालन*

*दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 519 स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। दो महीने की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें लगभग 6000 फेरे लगाएंगी और बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी।*

*रद्द मेमू स्पेशल ट्रेन री-स्टोर : 2 से 12 अक्टूबर तक 3 मेमू स्पेशल ट्रेनों को अस्थायी तौर पर री-स्टोर किया गया है। 08721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर 2 से 12 अक्टूबर तक अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। 08723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर और 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर समयानुसार चलेगी। इसके अलावा 12855 बिलासपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस में 2 से 12 अक्टूबर तक एक द्वितीय श्रेणी कोच लगाया गया है। यह सुविधा 12240 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-कोरबा एक्सप्रेस, 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी और 12856 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस में भी मिलेगी।*

### यात्रियों को मिलेगी स्पेशल ट्रेन की सुविधा

इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ के अवसर पर 6 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा, जिनमें 08893 गोंदिया-सांतरागाछी दुर्गा पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए-गोंदिया से 4 एवं 9 अक्टूबर, 08894 सांतरागाछी-गोंदिया, दुर्गा पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए-सांतरागाछी से 5 एवं 10 अक्टूबर, 08895 गोंदिया-छपरा छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए गोंदिया से 3 एवं 4 नवंबर, 08896 छपरा-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए छपरा से 4 एवं 5 नवंबर, 08897 गोंदिया-पटना छठ पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए गोंदिया से 3 एवं 4 नवंबर, 08898 पटना-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए पटना से 4 एवं 5 नवंबर शामिल हैं।

# पॉश इलाके में चोरों का धावा, दो घरों से उड़ाए 30 लाख के जेवर-नकदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में शनिवार को जिन दो घरों में चोरी की घटना सामने आई थी, उन घरों से चोरों ने 30 लाख रुपए से ज्यादा कैश तथा ज्वेलरी चोरी की है। इनमें एक बीमा अधिकारी का घर है तथा दूसरा एक गमी कार्यक्रम में शामिल होने मुंबई गया हुआ था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक, चोरों ने हनुमान प्रदास दुबे तथा सुरेश बिजलानी के सूने मकान में धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। हनुमान बीमा सलाहकार हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वे काम पर चले गए थे। शाम को घर में काम करने वाली बाई ने कॉल कर हनुमान को बताया कि उनका तथा पड़ोसी सुरेश के घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर हनुमान ने घर पहुंचकर देखा तो अज्ञात चोर घर के आलमारी में रखे नकदी एक लाख 82 हजार रुपए चोरी कर ले गया है।

### चोरी की सूचना मिली तो फ्लाइट से पहुंचा पड़ोसी

हनुमान ने अपने पड़ोसी सुरेश को उनके घर में चोरी होने की सूचना दी, जिसके बाद सुरेश शनिवार सुबह मुंबई से फ्लाइट का सफर कर रायपुर पहुंचा। घर पहुंचने के बाद सुरेश ने देखा कि घर की आलमारी खुली हुई है। अज्ञात चोर आलमारी के लॉकर में रखे डायमंड नेकलेस, डायमंड रिंग, सोने के जेवर और नकदी उड़ा ले गया है। सुरेश ने डायमंड के जेवर 35 वर्ष पूर्व खरीदे थे।

## खबर संक्षेप



### अमलीपदर में कॉलेज की मांग को लेकर चलाया हस्ताक्षर अभियान

**मैनपुर।** पिछले कुछ माह पूर्व मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम अमलीपदर में नवीन महाविद्यालय कि मांग को लेकर छात्र–छात्राओं के द्वारा तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया था। इसके पश्चात सरकार के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होते देख छात्र-छात्राओं ने हस्ताक्षर अभियान एवं सदस्यता अभियान चलाया। तहसील अमलीपदर के आसपास लगभग 20 से भी ज्यादा ग्राम पंचायत आते है और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की संख्या 7–8 तक है। प्रतिवर्ष 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर लगभग 1000 से अधिक विद्यार्थी कॉलेज पढ़ने जाते हैं पर दूरी अधिक होने के कारण वर्ष कई विद्यार्थियों के द्वारा कॉलेज पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। कॉलेज प्रारंभ कराने की मांग को लेकर अभियान के संचालक न्याय निर्माण सहयोग परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सागर मिश्रा, धन्ना नागेश, अतुल ताम्रकार साहिल मिर्जा, प्रेमानंद, उमंग सिन्हा राज तिवारी व अनेक युवाओं द्वारा इन दिनो हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।

### मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित एवं जंवारा स्थापना 3 से

**महासमुंद।** समीपस्थ ग्राम बम्हनी स्थित मां दुर्गा, महामाया एवं शीतला मंदिर में नवरात्र पर्व की तैयारी जोरशोर से जारी है। 3 अक्टूबर को मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित एवं जंवारा स्थापित किए जाएंगे। दुर्गा मंदिर के रामेश्वर पांडेय ने बताया है कि मां दुर्गा, महामाया एवं मां शीतला मंदिर में क्वांर नवरात्रि पर मनोकामना ज्योति कलश तथा जंवारा स्थापना का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति लोककल्याण के लिए किया जाता है। नवरात्र महापर्व यहां 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इसके लिए मंदिर के बैगा गोकुल निषाद, मोहल्लावासी एवं मंदिर समिति जुटे हुए हैं। मंदिर में पंडित महेश कुमार पांडेय द्वारा प्रतिदिन विधि विधान से पूजा पाठ एवं प्रातःकालीन एवं सांध्यकालीन सामूहिक आरती की जाएगी।

### मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कराने आज सौपेंगे ज्ञापन

**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल जिला महासमुंद द्वारा 30 सितंबर को बालाजी मंदिर प्रसाद के विषय व सरकार द्वारा अधिग्रहित मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने के विषय को लेकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। एकत्रीकरण का कार्य लोहिया चौक महासमुंद में सुबह 11 बजे होगा। यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री धनेंद्र चंद्राकर ने दी है।

### शहीद स्मारक में चलाया स्वच्छता अभियान



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### भटगांव स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला भटगांव में छात्रों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। यह भोज स्व भुनेश्वर जगत की स्मृति में उनके पुत्र जीवन जगत द्वारा कराया गया। छात्रों को खीर, पूड़ी, केला, जलेबी, चावल दाल, सब्जी परोसा गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के विकास पर जोर देना है। इस अवसर पर सेवक राम साहू उपसरपंच, शाला समिति के अध्यक्ष अजय दीवान, यशवंत दीवान, प्रेम कुमार यादव, प्राचार्य डीपी चंद्राकर, गुणनिधि बघेल, के दीवान, मनीषा रामटेके, रैतू पांडे आदि मौजूद रहे।

# दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने किया पूर्व विधायक विमल का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बीते रविवार को वन विकास निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों और पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा के झलप स्थित एनसीसी अस्पताल पहुंचकर डॉ चोपड़ा का सम्मान और आभार व्यक्त किया। बता दें कि 11 अगस्त 2024 से वन विकास निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने अपने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू किया था। स्थाईकरण, नियमित और कार्यभारित आकस्मिकता नियम लागू करने की प्रमुख मांगें थी, जिन्हें डॉ चोपड़ा की मध्यस्थता के कारण अधिकारियों ने मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद कर्मचारी संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल को अभी स्थगित किया गया।

डॉ चोपड़ा ने हड़ताल स्थगित होने के एक दिन पूर्व कर्मचारियों के साथ विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह एवं पूर्व मंत्री व सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मिलकर उनके समक्ष वन विकास निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की मांगो को अवगत कराया था, तथा उनकी मांगों को पूर्ण करने के लिए अनुरोध किया था। पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ चोपड़ा ने वन विभाग के अधिकारियों को वन विकास निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के समक्ष उनके मांगों को सुनने की बात कही। मांगों को सुनने के पश्चात वन विभाग के अधिकारियों ने वन विकास निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों से उनकी मांगों की समीक्षा करने और उनको पूरा करने के लिए 2 माह का समय मांगा।



वन विकास निगम के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों द्वारा पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा को शॉल, श्रीफल, भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ चोपड़ा ने कहा कि लोगों को निश्चित रूप से उनका हक मिलना चाहिए, हम उनके साथ हैं और आगे भी सत्यता के साथ लोगों के समस्याओं के निराकरण हेतु सबसे आगे रहेंगे। इस दौरान वन विभाग प्रदेशाध्यक्ष रामकुमार सिन्हा, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम संघ के प्रदेशाध्यक्ष जनक लाल साहू, उपाध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, सचिव डीहू राम साहू, रेंज अध्यक्ष गोविंद्र, लीलाराम, उत्तम पटेल, गुलजारी, अर्जुन ध्रुव उपस्थित रहे।

**मांग : नगर के लोगों ने कलेक्टर से नवरात्रि से पहले स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की**

# वर्षों से नहीं जल रहीं स्ट्रीट लाइट, अंधेरे में लोग अकेले आने-जाने में महसूस कर रहे असुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में पिछले कई वर्षों से स्ट्रीट लाईट नहीं जलने के कारण शाम होते ही नगर के मुख्य मार्ग सहित गली मोहल्ला अंधेरे को आगोश में समा जाता है और रात के समय लोगों को नगर के भीतर आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है, मैनपुर नगरवासियों द्वारा पंचायत क्षेत्र के सभी बिजली के पोल में स्ट्रीट लाईट लगाने की मांग कई बार ग्राम पंचायत व जनपद पंचायत तथा स्थानीय अधिकारियों से किया जा चुका है लेकिन इस गंभीर समस्या के तरफ ध्यान नहीं देने से रात के अंधेरे में लोग अकेले आने- जाने में असुरक्षित महसुस कर रहे है। नगरवासियों ने जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल को आज पत्र भेज कर मांग किया है कि मैनपुर नगर में नवरात्र पर्व से पहले स्ट्रीट लाईट प्रारंभ करवाया जाय ताकि नवरात्र पर्व में रात के समय आने जाने वाले लोंगो को परेशानियों का सामना करना न पड़े।





### शाम होते ही नगर में चारों तरफ अंधेरा

पिछले तीन चार वर्षों से नगर में स्ट्रीट लाईट बंद है, जिसके कारण नगर के मुख्य मार्ग सहित गली मोहल्लों में अंधेरा का समराज्य देखा जाता है। नागरिक अपने आप को असुरक्षित महसूस करते है, स्ट्रीट लाईट में सुधार नहीं किया जा रहा है, और न ही बिजली के खम्भों में स्ट्रीट लाईट लगाया जा रहा है, जिसके कारण नगर के लोगों को रात के समय में आना- जाना करने में बहुत परेशानी होती है, इस वनांचल क्षेत्र में सर्प, बिच्छु, जीव-जन्तुओं का डर बना रहता है। ऊपर से गली मोहल्लों में आवारा कुत्तों का आंतक बढ गया है, आवारा कुत्तें झुंण्ड के झुण्ड रात के वक्त ईधर -उधर घुमते रहते है, जिससे कभी भी गंभीर घटनाएं घटने का डर बना रहता है। नगर के पटेल पारा, बंजरग चौक, मस्जिद मोहल्ला, अम्बेडकर चौक, शांति नगर, जयंती नगर, कुडकुडी पारा, ठाकुर देव पारा, जनपद मार्ग, अचानपुर, नदीपारा, सहित मुख्य मार्ग व नगर के अधिकांश मोहल्लें वार्डो में स्ट्रीट लाईट बंद हो जाने से अंधेरा छाया हुआ है।

### पांच स्थानों के बंद पडे हैं हाई मास्क स्ट्रीट लाइट

नगर में लगभग 30 लाख रूपये की लागत से हाईमास्क स्ट्रीट लाईट गौठान, बस स्टैण्ड, एसडीएम कार्यालय, लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह, हाईस्कूल के सामने लगाया गया है। लगभग दो वर्ष पूर्व इन स्ट्रीट लाईटों का जोरदार शुभारंभ किया लेकिन यह चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है, महज 15 से 20 दिन ही यह स्ट्रीट जला उसके बाद से बंद पडा हुआ है। स्ट्रीट लाईट क्यों बंद पडा है इसका सुधार क्यों नहीं किया जा रहा है समझ से परे है। एसडीएम कार्यालय के सामने ही स्ट्रीट लाईट सो पीस बन कर रह गया है यह कभी जलता ही नहीं। कलेक्टर दीपक अग्रवाल जनससमया निवारण शिविर में शामिल होने देवभोग सीनापाली गए थे। इसकी जानकारी लगते ही नगर के युवा व वरिष्ठ नागरिकगण गरियाबंद कलेक्टर को ज्ञापन सौपने मैनपुर में इंतिजार करते दिखे। लेकन शाम चार बजे तक कलेक्टर देवभोग से वापस नहीं लौटे थे इसलिए नगर के लोगों ने मांग पत्र को गरियाबंद कलेक्टर कार्यालय भेज कर बड़ी उम्मीद के साथ मैनपुर स्ट्रीट लाईट लगाने की मांग कलेक्टर से किए है।

# किसान अधिक से अधिक जैविक खेती करें : भोई



**रसेला।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना परंपरागत कृषि विकास योजना से लाभान्वित करने के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशन एवम उपसंचालक कृषि चंदन कुमार राय के मार्गदर्शन में विकासखंड छुरा अंतर्गत ग्रामपंचायत चुरकीदादर एवम पंडरीपानीगोंड में उड़द फसल प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। इसी तारतम्य में सोमवार को ग्राम छतरमड़ई में उड़द फसल अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जैविक खेती को प्रोत्साहित कर उड़द फसल खेती के लाभ के बारे में जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण में नरेंद्र कुमार भोई वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड छुरा उपस्थित होकर किसानों को परम्परागत कृषि विकास योजना अंतर्गत घटक, आदान सामग्री ट्राईकोडर्मा, पोटास मोबिलिज, सोलर लाइट ट्रैप, फेरोमेन ट्रैप, पीएसबी, राइजोबियम कल्चर के उपयोग, पीजीएस सिस्टम पोर्टल में किसान के उत्पाद को ऑनलाइन के बारे में जानकारी दी। परंपरागत कृषि विकास योजना किसानों को जैविक खेती की दिशा में जोड़ने का महत्वपूर्ण रास्ता है। साथ ही उड़द फसल का निरीक्षण कर जैविक खाद, कीटनासक तकनीक जीवामृत, निमास्त्र, बनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। किसानों के बीच में सोलर लाइट ट्रैप का जीवंत प्रदर्शन किया गया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रोमन लाल ठाकुर ने कहा कि रासायनिक खाद और दवाई से निरंतर प्रयोग से मिट्टी की स्थिति खराब हो रही है। ज्यादा से ज्यादा जैविक खेती करेंगे तो मिट्टी की स्थिति में सुधार के साथ साथ किसानों की आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

उन्होंने बताया कि किसान घर में ही जैविक खाद और कीटनाशक तैयार कर आर्थिक रूप से सक्षम बन सकते है। इसके प्रयोग से फसल एवं मिट्टी को कोई हानि नहीं पहुंचती है। जैविक खाद के प्रयोग से मिट्टी के आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति के साथ-साथ उनके भौतिक जैविक गुणों में वृद्धि होती है। अतः यह आवश्यक है कि अधिक कृषि उत्पादन प्राप्त करने के लिए मिट्टी परीक्षण के साथ-साथ फसलों की आवश्यकता अनुसार रासायनिक खाद के बदले जैविक खाद को बढ़ावा दिया जाए। इस मौके पर संजय बघेल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, संजय सिंह ध्रुव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, तुलाराम उप सरपंच, ग्राम पटेल विराट सिंह, एलआर जोधन सिंह कृषक भागसिंह, घासी राम, तुलेश्वर, तुलसीराम, उमाशंकर, धनसाय, घनश्याम, शोभाराम, मंगली बाई, चारोबाई, थानेश्वर, सहित उड़द लगाने वाले सभी 50-60 किसान उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष...

### जिले के लीड कॉलेज

में एक बड़ी रुकावट है। प्रत्येक वर्ष इस कॉलेज से लगभग 200 छात्र बीएससी कर स्नातक होते हैं, लेकिन एमएससी कोर्स की सुविधा न होने के कारण उन्हें अपनी उच्च शिक्षा जारी रखने के लिए अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। जो छात्र आर्थिक रूप से सक्षम होते हैं, वे बड़े शहरों में जाकर पढ़ाई जारी रखते हैं, जबकि बाकी छात्रों को अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ती है। हालांकि, देवभोग में प्राणीशास्त्र, राजिम में फिजिक्स और बॉटनी और फिंगेश्वर में केमेस्ट्री में एमएससी कोर्स की व्यवस्था है, लेकिन लीड कॉलेज होने के बावजूद गरियाबंद महाविद्यालय में इन सुविधाओं का न होना चिंताजनक है। इससे मैनपुर, छुरा, देवभोग और फिंगेश्वर के बच्चों को भी उच्च शिक्षा के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। **छुरा में एमए की सुविधा, परीक्षा देने जाते हैं गरियाबंद-** एमएससी की कमी से न केवल छात्रों का शैक्षणिक विकास रुक रहा है, बल्कि इससे शोध कार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में लेक्चरर या प्रोफेसर बनने के अवसर भी सीमित हो रहे हैं। इसके अलावा, कला संकाय में भी अंग्रेजी और इतिहास विषय में एमए की आवश्यकता महसूस की जा रही है, लेकिन यहां भी इन विषयों में स्नातकोत्तर कोर्स की सुविधा उपलब्ध नहीं है। छुरा में एमए की सुविधा है, लेकिन छात्रों को परीक्षा देने के लिए गरियाबंद आना पड़ता है। इतिहास में एमए की सुविधा पास के धमतरी जिले के कुरूद और अभनपुर में उपलब्ध है।

### बैंक और एटीएम...

परिचित का अपचारी बालक से सम्पर्क कर बैंक से चोरी करने की अपनी योजना बनाई।

**मोबाईल के माध्यम से देते थे सूचना-** इस दौरान रेकी कर रहे अपचारी को मोबाईल के माध्यम से लोगों के आने -जाने की सूचना से अवगत करता था, ग्रामीण बैंक में रकम चोरी करने की नियत से गये थे। लेकिन नगद रकम नहीं मिलने से हम लोग बैंक से बाहर आए सिलेण्डर को बाहर निकाले गैंस सिलेण्डर और ऑक्सीजन सिलेण्डर को लेकर छुपाने के लिये टकेश्वर यादव और अपचारी बालक दोनों मोटर सायकल में रखकर पोंड मंडी के पास झाडी में छुपाने चले गये। वहां से छुपाकर आने के बाद अरूण, टकेष्वर यादव, अपचारी बालक तीनो ग्रामीण बैंक पाण्डुका से चोरी किये गये डीव्हीआर. व मानिटर को लेकर अपने गांव गरियाबंद की ओर आये मामले में आरोपियों के द्वारा जुर्म स्वीकर करने पर गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। इस कार्यवाही में थाना पाण्डुका एवं सायबर सेल टीम की अहम भूमिका रही।

### शिविर के 520...

बाल विकास विभाग द्वारा 2 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया और 6 गर्भवती महिलाओं को गोद भराई की रस्म के तहत पोषण आहार किट प्रदान की गई। कृषि विभाग द्वारा 3 किसानों को पावर स्प्रेयर, सूक्ष्म पोषक तत्व और 7 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए। वहीं, राजस्व विभाग द्वारा 8 किसानों को ऋण पुस्तिका प्रदान की गई। समाज कल्याण विभाग ने 1 लाभार्थी को श्रवण यंत्र और स्वास्थ्य विभाग ने 4 लोगों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया।



# दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने विधायक ध्रुव को किया आमंत्रित

**मैनपुर।** सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति मैनपुर के सदस्यों ने बिन्द्रनवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव के निवास में देर शाम मुलाकात कर उन्हे दुर्गा उत्सव के दौरान होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने आमंत्रण दिया है। विधायक जनक ध्रुव ने दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों को अपने तरफ से पूरा सहायोग करने की बात कही है। इस मौके पर कृष्ण कुमार पटेल, कांति पटेल, मोहित द्ववेदी, नरेश सिन्हा, उत्तम पटेल, रामकृष्ण ध्रुव गैंदु यादव, निहाल नेताम, जनक यादव आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# स्वच्छता ही सेवा के तहत न्यायालय परिसर में की गई साफ-सफाई



**गरियाबंद।** जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद में पदस्थ न्यायिक अधिकारीगण एवं समस्त तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीयों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। तालुका विधिक सेवा समिति, गरियाबंद के अध्यक्ष यशवंत वासनीकर के निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद के परिसर, न्यायालय कक्षों एवं अनुभागों की साफ-सफाई कराई गई एवं साथ ही समस्त कर्मचारियों को अपने-अपने न्यायालयों एवं अनुभागो को प्रतिदिन साफ एवं स्वच्छ रखे जाने के लिए निर्देशित किया गया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद में पदस्थ न्यायिक अधिकारीगणों, न्यायिक कर्मचारियों एवं नगरपालिका गरियाबंद के सफाई कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

### छत्तीसगढ़ के नागरिक इस समय बहुत मुश्किल वक्त से गुजर रहे

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के तीसरे दिन अंकित बागबाहरा अपने लगभग 35 साथियों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के साथ छत्तीसगढ़ में फैली अराजकता और भय के माहौल के खिलाफ पदयात्रा में शामिल हुए। अंकित ने बताया कि इस यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री ने स्पष्ट संदेश दिया कि छत्तीसगढ़ के नागरिक इस समय बहुत मुश्किल वक्त से गुजर रहे हैं। प्रदेश में फैली



अराजकता, लचर कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराध व महिला सुरक्षा को लेकर आम जनता को न्याय दिलाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में प्रारम्भ हुई छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में आज आप सभी कार्यकर्ता साथियों के बीच आया हूं। इस दौरान अंकित के साथ शफी मोहम्मद, चयन चंद्राकर, हितेश साहू, बलराम ध्रुव, फूलसिंह सिन्हा, वाजिद खान सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

# कोसरंगी के ग्रामीणों ने की किरण सिंह देव से मुलाकात



**महासमुंद।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही के बागबाहरा प्रवास के दौरान ग्राम कोसरंगी में पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा के कोसरंगी स्थित फार्म हाउस में डॉ चोपड़ा एवं कोसरंगी के ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष का ग्रामीणों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। भेंट के दौरान प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और सांसद रूपकुमारी चौधरी ने ग्रामीणों की मांग और समस्याएं सुनी। मांग और समस्याओं को सुनने के बाद किरण सिंह देव ने निराकरण का आश्वासन दिया तथा लोगों को ज्यादा से ज्यादा भाजपा के साथ जुड़ने के लिए कहा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, पार्षद देवीचंद राठी, हनीश बग्गा, भरत खत्री, राकेश सचदेव, विक्की गुरुदत्ता, सुरेंद्र यादव और ग्राम कोसरंगी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पैरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पुण्यतिथि पर कराया न्योता भोज

**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** ठाकुर राम साहू के पुण्यतिथि के अवसर पर पिपरहट्ठा के प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के बच्चों को 28 सितंबर को न्योता भोज कराया गया। जिसके आयोजक जगत साहू, महेश राम साहू बीआरसी युवराज साहू, घनश्याम साहू थे। इस अवसर पर साहू परिवार द्वारा बच्चों को खीर- पूरी, दाल, चावल, सब्जी परोस कर बच्चों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक मांडले प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक नामदेव, शिक्षक पवन कुमार तिर्की, सतीस साहू , आशा पंजवानी, रवि साहू तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

### रक्तदान शिविर में 76 यूनिट रक्त संग्रहित



**नवापारा-राजिम।** नवापारा सोशल ग्रुप द्वारा रविवार को सिंधी गुरुद्वारा में आयोजित रक्तदान शिविर में शिवनाथ ब्लड सेंटर रायपुर के प्रवीण तिवारी सहित उनके टीम ने रक्तदान प्रक्रिया को संचालित किया व रक्तदाताओं को आवश्यक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कहा गया कि रक्तदान एक महान कार्य है जो किसी की जान बचा सकता है। हमें गर्व है कि हमारे समूह के सदस्यों ने इस आयोजन में भाग लिया और रक्तदान किया। ग्रुप ने पूज्य सिंध पंचायत कमेटी का विशेष रूप से आभार ज्ञापित किया। शिविर में कुल 76 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो अस्पतालों में रक्त की कमी को पूरा करने में मदद करेगा।

### छग वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ की बैठक सदस्यता बढ़ाने पर जोर

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़िया वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ की बैठक अभनपुर मे संपन्न हुई जिसमे क्षेत्र के आसपास के व्यापारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में महासंघ अध्यक्ष शेखर वर्मा ,उपाध्यक्ष दिलीप टिकरिया, जिलाध्यक्ष त्रिलोचन साहू ,कुबेर चंद्राकर ,ललित साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने शेखर वर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़िया व्यापारियों का लगभग 10 हजार सदस्य बन चुके हैं अभी हमारा सदस्यता अभियान चल रहा है जिसमें हमारा लक्ष्य 25000 से भी अधिक छत्तीसगढ़िया व्यापारियों को जोडन्ना तथा कार्यशाला के माध्यम से व्यापार में आने वाली समस्याओं के विषय में चर्चा कर उन्हें दूर करना है। प्रदेश मीडिया प्रभारी ईश्वर पटेल ने कहा कि आने वाले समय में अभनपुर के आसपास के क्षेत्र के सभी व्यापारियों को संगठन के माध्यम से जोड़ा जाएगा और संगठन को मजबूत बनाने के लिए पदाधिकारीयो की नियुक्ति भी की जाएगी साथ ही अभनपुर में बहुत ही जल्दी सेमिनार के माध्यम से चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं बैंक के अधिकारियों को बुलाकर व्यापारियों को जानकारी दी जाएगी।श्री पटेल ने संगठन के माध्यम से व्यापारियों की छोटी-छोटी समस्याओं को कैसे दूर किया जा सकता है इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी । इस मौके पर कई व्यापारियों ने व्यापार में जीएसटी,इनकम टैक्स,लोन संबंधित समस्याएं एवं शासन की विभिन्न योजनाओं से मिलने वाले लाभ एवं छूट कैसे प्राप्त किया जा सके इस विषय पर अपनी बात रखी। इस दौरान शांतनु सिन्हा,नारायण साहू ,जागेश्वर सिन्हा,ओमप्रकाश साहू ,रोशन यादव ,दिलीप निर्मलकर ,मन्नू पटेल ,चंद्रकांत साहू,शेखर साहू ,तोरण साहू, रितेश सिंह , कोमल साहू, धनेंद्र सिन्हा ,मनोज कुमार साहू मौजूद रहे।

**मांग : 8 दिनों के भीतर मांग पूरी नहीं होने पर दी चक्काजाम की चेतावनी**

# सड़क, बिजली व स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर युवाओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

- राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के हजारों युवाओ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मैनपुर विकासखंड के राजापड़ाव-गौरगाव क्षेत्र से हजारों की संख्या में युवक–युवतियों ने सोमवार को अंबेडकरवादी युवा संगठन के बैनर तले तहसील मुख्यालय मैनपुर पहुंचकर 3 किलोमीटर से रैली निकाल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय मैनपुर पहुंचे और ज्ञापन सौंप कर आठ दिनों के भीतर समस्याओं के समाधान करने की मांग किया है। साथ ही एक सप्ताह के भीतर यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो नेशनल हाईवे 130-सी मैनपुर देवभोग मार्ग में राजापड़ाव के पास अनिश्चितकालीन चक्काजाम करने की चेतावनी दी गई है। इस दौरान जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम, अंबेडकरवादी युवा संगठन के अध्यक्ष पतंग मरकाम, युवा नेता पुरान मेश्राम एवं क्षेत्र के युवाओं ने कहा मैनपुर विकासखंड मैनपुर के सुदूर वनांचल 08 ग्राम पंचायत राजापड़ाव गौरगाव क्षेत्र के ग्रामीणों को आजादी के 77 साल बाद भी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन, पुल पुलिया, बिजली, पाट्टाधारियों को वन अधिकार पट्टा, सिंचाई के लिए पानी, शुद्ध पेयजल के साथ ही अनेकों समस्याओं से क्षेत्रवासी वर्षों से जूझने मजबूर हैं। मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए कई बार संवैधानिक नियमों के तहत क्षेत्रवासियों द्वारा शासन प्रशासन से आवेदन, निवेदन, पदयात्र कर चुके है। लेकिन इस क्षेत्र के साथ शासन प्रशासन द्वारा हमेशा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। क्षेत्र के लंबित मांग सात दिवस के अंतर्गत निराकरण शासन प्रशासन के द्वारा नहीं किया जाता है तो मजबूरी में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करते हुए राजापड़ाव क्षेत्र के समीप पक्की सड़क मार्ग 130 सी नेशनल हाईवे को अवरोध किया जावेगा जिसकी जिम्मेदारी एवं जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।



**राजापड़ाव गौरगाव क्षेत्र की प्रमुख मांगे**

राजापड़ाव क्षेत्र के पांच ग्राम पंचायतों सहित शेष छूटे हुए पारा टोला में विद्युतीकरण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शोभा में सेटअप के आधार पर समुचित व्यवस्था करते हुए नवीन भवन एवं निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन को तत्काल करें। स्वीकृति के बाद भी अड़गडी,जरहीडीह, शोभा कोकड़ी, गरहाडीह, घोटिया नाला पर पुल का निर्माण आज भी अधूरा है। अविलंब पूर्ण कराई जावे। गोना से गरीबा पक्की सड़क मार्ग अत्यंत जर्जर और ऊबड खाबड़ होने से आए दिन दुर्घटनाएं घट रही है, तत्काल सड़क के चौड़ीकरण करते हुए मरम्मत, क्षेत्र में एक भी बालक छात्रवास नहीं है, ग्राम मोंगराडीह में बालक छात्रवास की स्वीकृति प्रदान करते हुए सुदूर वनांचल के बच्चे जंगल रास्तों से आवाजाही करते हुए शोभा में हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी में पढ़ाई करने पहुंचते है। परिस्थिति को देखते हुए प्री मैट्रिक छात्रवास शोभा में खोली जावे। जय अंबेडकरवादी युवा संगठन राजपडाव क्षेत्र संरक्षक व जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, गोकुल राम नेताम, अध्यक्ष पतंग मरकाम, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम परदे,उपाध्यक्ष प्रतिमा नेताम, रेखा नेताम, सचिव नकुल नागेश,सह सचिव कुमारी लिलेश्वरी मरकाम, कोषाध्यक्ष रमेश मरकाम, संचालक एवं मीडिया प्रभारी पूरन मेश्राम, फूलचंद मरकाम, सरपंच कोकड़ी सखाराम मरकाम, सरपंच भूत बेड़ा अजय कुमार नेताम,सरपंच गौर गांव चिमन नेताम, नंदलाल नागेश, रविंद्र मरकाम, कार्तिक नेताम,रोहन नेताम,सुभाष नेताम, कमलचंद नेताम, रमेश मरकाम,किरण ध्रुव, सुकचंद नेगी सहित हजारो की संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व्यवस्था बड़ी संख्या में तैनात किया गया था और मैनपुर थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा दल बल के साथ मौजूद थे।

## राज्यपाल के हाथों याशिका सम्मानित



**नवापारा-राजिम।** नवापारा पूज्य सिंध पंचायत की गौरव व नगर की होनहार बेटी याशिका ईसरानी ने बी.फार्मा कोर्स में गोल्ड मेडल हासिल करते हुए राज्यपाल रमेन डेका से सम्मानित हुई। बता दें कि श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर की छात्रा थी, जहाँ गत दिनों राज्यपाल रमेन डेका की मौजूदगी में विश्वविद्यालय परिवार ने अपना तृतीय दीक्षांत समारोह मनाया। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने उन्हें गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया। याशिका की प्रारंभिक पढ़ाई नवापारा के निजी विद्यालय से हुई है। वह प्रारम्भ से ही पढ़ाई में प्रतिभाशाली रही है। छात्रा याशिका नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रहलादराय ईसरानी की पोती व हनुमान चालीसा समिति की पूर्व अध्यक्ष कविता ज्ञानचंद ईसरानी की सुपुत्री है। याशिका के इस उपलब्धि पर राजू काबरा, धरम साहू, सुमित पंजवानी, हनुमान चालीसा समिति की अध्यक्ष तारणी शर्मा, आरती काबरा, मोहन पंजवानी, नंदकिशोर राठी, ओमप्रकाश शर्मा ने याशिका इसरानी को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर के चिकित्सक, डॉ. राजेन्द्र गदिया, बलजीत सिंग, टीएन रमेश, तेजेन्द्र साहू, पुनीत गोस्वामी, गोविंद राजपाल, दीपक पोद्दार, महेश लालवानी, अनिल जगवानी, नंदलाल सायरानी मौजूद थे।

## पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री साय के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

सीएम विष्णुदेव साय के नाम छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा सोमवार को गरियाबंद के संयुक्त कलेक्टर अरविंद पांडे को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन पत्रकारो के सुरक्षा एवं हितो को लेकर था। छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के मार्गदर्शन में जिला अध्यक्ष श्यामकिशोर शर्मा, महासचिव रमेश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर गोस्वामी ने सौपे गए ज्ञापन में कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य अब अपनी युवावस्था का 25 वर्ष पूरा करने जा रहा है। वहीं यह राज्य संसाधनों एवं सुविधाओं से परिपूर्ण है जिससे समाज का हर वर्ग विकास की राह में अग्रसर हो रहा है। लेकिन समाज को दिशा देकर प्रजातंत्र में अपनी महती भूमिका निभाने वाला श्रमजीवी पत्रकार अपने आपको इससे वंचित पाता है। ज्ञापन में मांग किया गया है कि पत्रकार कल्याण कोष की राशि बढ़ाकर पांच लाख रूपए किया जाए, सम्मान निधि योजना में अधिमान्यता की शर्त समाप्त हो ताकि ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारो को भी लाभ मिले, सम्मान निधि की राशि 15 हजार की जाए, पत्रकारों के सुरक्षा के लिए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने एक समिति गठित की थी उसका पुनर्गठन हो, उस समिति को अधिकार दिया गया था कि कोई भी पत्रकारों के विरुद्ध अपराध दर्ज होने पर बिना उच्चस्तरीय जांच के चालान पेश नहीं किया जा सकता, साप्ताहिक, मासिक समाचार पत्र के संपादक को भी अधिमान्यता दी जाए, प्रदेश में पत्रकारों के लिए टोल टैक्स फ्री हो, प्रदेश के विश्राम गृह में पत्रकारों के लिए आरक्षण की सुविधा हो, शहर की तरह ग्रामीण पत्रकारों को भी वर्ष में दो बार भ्रमण करवाया जाए, वेज बोर्ड के नियमों के अनुसार प्रदेश के पत्रकारों व ग्रामीण संवाददाताओं को मानदेय दी जाए, शासकीय विज्ञापनों में प्रदेश के अखबारों, स्थानीय चैनल को प्राथमिकता दी जाए। रायपुर सहित सभी जिला मुख्यालय, कस्बों में पत्रकारों को न्यूनतम दर पर जमीन दी जाए। इस आशय का ज्ञापन देकर सीएम विष्णुदेव साय से आग्रह करते हुए छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ ने सभी मांगो को पूरा करने कहा है।



## बाबू गेने थे स्वदेशी आंदोलन के प्रथम शहीद : मिथलेश



छुरा। स्वदेशी सप्ताह के अन्तर्गत सरस्वती शिशु मंदिर में सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के पूर्व आचार्य योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा ने स्वदेशी आंदोलन के इतिहास पे प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय आजादी में स्वदेशी आंदोलन का प्रमुख योगदान रहा है। 1095 में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने स्वदेशी आंदोलन का आगाज किया और विदेशी वस्तुओं की होली जलाई। लोकमान्य गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी के स्वदेशी और बहिष्कार के आंदोलन से प्रेरित होकर विदेश वस्त्रों से भरी लारी को रोकते हुए बाबू गेनू शहीद हो गए। अंग्रेजों की हुकूमत देश को आर्थिक रूप से लूट रही थी। अंग्रेज कपास, रेशम, पटसन व लोहा आदि कच्चे माल को भारत से विदेश ले जाते और लंदन से माल लाकर महंगे दामों पर बेचते। अंग्रेजों की इस कुटिल अर्थनीति को विफल करने के लिए लोकमान्य गंगाधर तिलक व महात्मा गांधी ने स्वदेशी अपनाने और विदेशी माल का बहिष्कार करने का अभियान चलाया था। कार्यक्रम में प्राचार्य संतोष वर्मा, स्वदेशी जागरण प्रमुख अल्का सिन्हा, टीकम मरकाम, किरण वर्मा, सेवक निषाद, हरीश शर्मा सीताचरण नेताम, ओम डहरिया , अजयकांत पांडे, टोमन ठाकुर, होरीलाल साहू, मनोज निर्मलकर, भारती यादव, मैंनाज बेगम, सरस्वती सिन्हा, कविता यद्दु, टिकेश्वरी तारक, पूजारानी खुटे, जया ध्रुव, हेमलता नाग, डिगेश्वरी यद्दु एवं भैया बहन उपस्थित थे।

## कबड्डी प्रतियोगिता में तर्रा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)



ग्राम मड़ेली में मातृनवमी के पावन पर्व पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 25 सितम्बर से 26 सितम्बर तक किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दूर-दूर से बड़ी संख्या में खिलाड़ी पहुंचे थे। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि लगनी अवध साहू सदस्य जनपद पंचायत छुरा थे। अध्यक्षता लक्ष्मी गजेन्द ठाकुर सरपंच मड़ेली, विशेष अतिथि के रूप में भीखम ठाकुर उपसरपंच, जोहत राम सिन्हा, अमृत ठाकुर, कृपाराम ध्रुव, कामताप्रसाद साहू, भूषण ठाकुर,भंगी राम ,पवन मरकाम तुकेश्वर ठाकुर थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि केशरी नोहर ध्रुव सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद थे। अध्यक्षता लक्ष्मी गजेन्द्र ठाकुर, विशेष अतिथि सुश्री खिलेश्वरी ध्रुव जनपद सदस्य, रामेश्वर मानिकपुरी, भीखम ठाकुर आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कबड्डी दल तर्रा ने प्राप्त किया। जिन्हें दस हजार रुपए स्व गंगाराम ठाकुर की स्मृति में ईश्वर ठाकुर राजस्व विभाग के द्वारा प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान कबड्डी दल सारंगढ़ ने प्राप्त किया गया जिन्हें सात हजार लक्ष्मी गजेन्द्र ठाकुर के द्वारा प्रदान किया गया। तृतीय स्थान कबड्डी दल खोपली पाठ अमलोर ने प्राप्त किया जिनको नीरज कुमार ध्रुव इंजीनियर के द्वारा प्रदान किया गया। चतुर्थ स्थान खुड़ियाडिह ने प्राप्त किया जिनको डॉ मोहनलाल साहू के द्वारा प्रदान किया गया। इसी प्रकार बेस्ट रेडर, बेस्ट केचर, बेस्ट ब्लाकर, बेस्ट आलराउंडर मैन आफ द मैच का आकर्षक पुरस्कार भागीरथी ठाकुर,रमवु निषाद,हुमन ठाकुर, डोंगर ठाकुर के द्वारा प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि केशरी नोहर ध्रुव जिला सदस्य के करकमलों के द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए केशरी ध्रुव ने कहा कि कबड्डी का खेल ग्रामीण अंचल में आपसी सदभावना, एकता,प्रेम भाईचारा को बढ़ावा देता है।साथ ही मनोरंजन तथा खुशियाली प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मैं यहां की बेटी हूं और इस मेरी मातृभूमि से काफी लगाव है। मड़ेली का कबड्डी प्रतियोगिता बहुत दिनों से चले आ रहा है।यह एक परम्परा है जो वर्षों से यह पर्व के रूप में मनाया जाता है।

## भेंडरी के मुक्तिधाम में फलदार एवं छायादार पौधों का किया गया रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर



ग्राम पंचायत भेंडरी के ग्राम प्रमुखों एवं ग्रामीण युवाओं द्वारा एक नया पहल चलाया गया। जिसमें गांव के समृद्धि और विकास के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले बुजुर्गों को हमेशा यादगार बनाए रखने के लिऐ गांव के मुक्तिधाम में फल दार एवं छायादार पौधा लगा कर उनकी देखभाल करने का निश्चय किया गया। जिसका नाम बुजुर्गों के नाम सम्मान पर एक पेड़ पर यह एक अनोखी पहल है जिसमें गाँव के बुजुर्गों का आत्मसम्मान बढ़ाने एवं आने वाले पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ें रखने का अनोखा प्रयास है। पौधारोपण के उक्त अवसर पर ओमकार सिन्हाग्राम प्रमुख संरक्षक, मेहत्तर साहू, सदाराम सिन्हा, यंत राम सिन्हा कोषाध्यक, कामता सिन्हा, केजुराम साहू, खिलावन साहू, कुशलाल ध्रुव, मोहन साहू, मेघनाथ निषाद, हेमंत सिन्हा अध्यक्ष वन सुरक्षा समिति एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## सैकड़ों लोगों ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



अखिल भारतीय तैलिक महासभा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोग शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिए। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू थे। अध्यक्षता डॉ. आशा गुप्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय तैलिक महासभा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने की। विशेष अतिथि के रूप में रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. विकास साहू, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. आकांक्षा साहू, प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू, हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. केक साहू, डॉ. धीरेन्द्र साव, डॉ. रुद्र साहू, नवापारा के दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमंत साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, राजिम भक्तिन माता मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, यशवंत साहू, शीलू साहू, मेघनाथ साहू, नवापारा सरकारी अस्पताल के प्रभारी डॉ. तेजेंद्र साहू, विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर तक चला। इस दौरान समाज के अतिथियों द्वारा नीट, आईआईटी, आयुर्वेद, डेंटल, होम्योपैथी में चयनित टॉप 130-150 बच्चों का श्री फल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। नवापारा के डॉ. लीलाराम साहू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विशेषज्ञ डॉ. मेडिसिन एवं गहन रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग, हड्डी रोग, जनरल सर्जरी, नेत्र रोग, हृदय रोग, दंत रोग, फिजियोथैरेपिस्ट, होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दी। इकार्यक्रम में सहयोग करने एवं भागीदारी निभाने के लिए प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल साहू एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ. हेमंत साहू ने आभार व्यक्त किया।

**बिनौरी में त्रिदिवसीय अखंड रामनाम सप्ताह का हुआ समापन**

## प्रभु राम ने लोगों को सत्य के मार्ग पर चलना सिखाया : पुष्पा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर





ग्राम बिनौरी में त्रिदिवसीय अखंड रामनाम सप्ताह समारोह का आयोजन विगत कई वर्षो से पित्र पक्ष के नवमी के दिन से सुरुआत हुई जो लगातार तीन दिन तक भक्तिमय रामनाम की अविरल धारा प्रवाहित होती रही। आयोजन में आमंत्रित दुर- दुर से पहुंचे विभिन्न दल रामचरित्रमानस से जुड़े। कथा पर आधारित झाकियां प्रस्तुत कि गई। रामनाम सप्ताह के आयोजन में 28 सितम्बर को समापन दिवस मुख्य अतिथि की आसंदी पर अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर पुष्पा जगन्नाथ साहू उपस्थित थे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा की प्रत्येक साल नवमीं के दिन सुरुआत होने वाली यह अखंड रामनाम सप्ताह के आयोजक आम लोगों को प्रभु राम से जोड़ने प्रेरित करती है। आगे कहा की जिस तरह भगवान राम ने पृथ्वी पर जन्म लेकर मानव जीवनलीला किया मनुष्य अपने जीवन का निर्धारण कैसे करणा है प्रभु राम की चरित्र से सीखा जा सकता है। राम ने माता- पिता की आज्ञा का पालन किया। साथ ही एक अच्छा भाई बन कर भी दिखाया। धर्म के रास्ते पर चलते ऋषि- मुनियों की सेवा की। बुराई के सामने कभी नहीं झुका। उसके परिवार पर विपत्ति आने पर भी बुराई के सामने नहीं झुके। बुराई से लड़ना सिखाया, हमेशा सत्य के रास्ते पर चलना सिखाया। इसीलिए मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम कहलाए। वहीं राम नाम जपने से मन में आलोकित शक्ति आती है और परम सुख की प्राप्ति होती है। राम नाम जप करने वाले व्यक्ति में एक अद्भुत तेज आ जाता है। राम नाम जप करने वाले व्यक्ति के पास बैठने से सकारात्मकता का अनुभव होता है। भाजपा जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा मनीष हरित ने कहा की भक्ति का मतलब है, अपने ईष्ट देव का अत्यंत प्रेमपूर्वक स्मरण, दर्शन, गुणगान, निःस्वार्थ सेवा और सत्य, प्रेम और आनंद जैसे तत्त्वों को अपने जीवन में उतारने के लिए किए गए सभी प्रकार के प्रयास करना है। अध्यक्षता कर रहे जनपद सदस्य राधेश्याम साहू ने भी संबोधन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट ग्राम पंचायत बिनौरी सरपंच केजाऊ राम निषाद, भाजपा नेता मनीष हरित, उप सरपंच गीत साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष नारायण साहू, बोरसी सरपंच, मंच संचालक हेमंत साहू, अध्यक्ष दिनेश साहू, उपाध्यक्ष तुलाराम साहू , कोषाध्यक्ष उमेश साहू, सचिव गिरधर यादव, नेहरू साहू, सितल साहू, अनिल साहू, गेंदलाल पुजारी, राजेन्द्र यादव, मोहन साहू, विश्वनाथ साहू, नकुल, मनोहर उपस्थित थे।

